हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025

04 व्यापारियों का उत्पीड़न किसी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा...



07 बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गए दुश्मन...





## खबर संक्षेप

### माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी तक प्राप्त किये जावेगें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी 2026 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 दिसंबर से प्रारंभ

**सागर।** लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर द्वारा आयोजित 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र दिनांक 01 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में भाग लेने के इच्छुक लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा 21 नवंबर 2025 तक लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर को प्रेषित किए जाने आवश्यक हैं। यह प्रशिक्षण सत्र शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को लेखा कार्य में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में हिन्दी मुद्रलेखन या सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा क्ख/च्छक्ख का प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। साथ ही, प्रशिक्षण प्रारंभ तिथि तक एक वर्ष की नियमित लिपिकीय शासकीय सेवा पूर्ण होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र, सभी दस्तावेज कार्यालय प्रमुख द्वारा अभिप्रमाणित कर संलग्न किए जाने होंगे। इसके अतिरिक्त, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार अर्द्धशासकीय संस्थाओं के लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जिनकी एक वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण हो चुकी है, वे भी इस प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। ऐसे कर्मचारियों को प्रवेश के समय 2000/- का प्रशिक्षण शुल्क शासन द्वारा निर्धारित लेखा शीर्ष के अंतर्गत जमा करना होगा। लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर ने सभी पात्र कर्मचारियों से समय पर आवेदन भेजने का अनुरोध किया है ताकि प्रशिक्षण सत्र में सुचारू रूप से प्रवेश दिया जा सके।

खराब प्रगति पर जताई नाराजगी, प्रगति बढ़ाने के निर्देश

# एसआईआर: गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में 10 प्रतिशत की दैनिक प्रगति बढ़ाएं: जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने एसआईआर प्रक्रिया के सम्पूर्ण कार्य एवं गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन की समीक्षा की। कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में प्रतिदिन 10 प्रतिशत की प्रगति लाए। उन्होंने बीएलओ के सहयोग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाने और सीडीपीओ को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को पंचायत एवं सीएमओ को वार्ड स्तर के अमले को मतदान केंद्रवार गणना पत्रक के कलेक्शन एवं डिजिटलाइजेशन में लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियुक्त किए गए सेक्टर अधिकारियों का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने खराब प्रगति पर नाराजगी जताई और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ, सीएमओ आदि को भी मतदान केंद्र डिजिटाइजेशन के लिए बांटने के निर्देश दिए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने एसआईआर में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक ली और रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे बूथ लेवल ऑफिसर जो अब तक जीरो प्रगति दिखा रहे हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीएलओ मतदाता सूची के संशोधन, डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने और फील्ड वेरिफिकेशन में सक्रिय भूमिका निभाएं। जीरो प्रगति वाले बीएलओ की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी करने का उद्देश्य कार्य में जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर का कार्य पूर्ण हो सके।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में दैनिक रूप से 10 प्रतिशत की प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि फॉर्म को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करना सुनिश्चित करें। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में संशोधन, नए पंजीकरण और फोटो पहचान पत्र वितरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिले में अब तक 89 हजार से अधिक का डिजिटलाइजेशन हो चुका है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में फॉर्म डिजिटल करने बाकी हैं। निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान को जिले में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने अतिरिक्त कदम उठाते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जनपद पंचायत) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के स्थानीय अमले (राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी आदि) को बूथ लेवल ऑफिसर के साथ सक्रिय सहयोग हेतु तत्काल लगाएं। कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं बीएलओ के साथ मिलकर डाटा एंट्री एवं डिजिटलाइजेशन कार्य में पूरा सहयोग करें।

कलेक्टर ने कहा कि "एसआईआर केवल निर्वाचन विभाग का नहीं, बल्कि पूरे जिला प्रशासन का कार्य है। इसलिए सभी विभागों का सहयोग जरूरी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं घर-घर तक पहुंच रखती हैं, उनका सहयोग मिलने से डिजिटलाइजेशन एवं फील्ड वेरिफिकेशन की गति कई गुना बढ़ जाएगी।"

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और बीएलओ को अलर्ट रहने के लिए कहा है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति जांचें और आवश्यक संशोधन के लिए निकटतम बीएलओ या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। एसआईआर का यह अभियान आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## गढ़ाकोटा में नवविवाहिता की मौत मायके पक्ष ने उठाए हत्या के आरोप

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है। करीब दो साल पहले अनंतपुरा रहली की रहने वाली युवती की शादी गढ़ाकोटा के जवाहर वार्ड में हुई थी। सोमवार को युवती की जान जाने के बाद जहां ससुराल पक्ष इसे जीवन लीला समाप्त करने की बात बता रहा है। तो वहीं मायके वाले इसे साफ-साफ मर्डर करार दे रहे हैं। गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय तनाव का माहौल बन गया जब बड़ी संख्या में मायके पक्ष के लोग थाने पहुंचकर नवविवाहिता की जान जाने को मर्डर बताते हुए कड़े आरोप लगाने लगे। मृतका के भाई शेख जहीर खान ने कहा कि उसकी बहन की शादी के बाद से उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पति और ससुराल पक्ष उस पर बार-बार पैसों की मांग कर रहे थे, जिसके कारण बहन मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से परेशान रहती थी। जहीर खान का आरोप है कि उन्हें पड़ोसियों से सूचना मिली कि उनकी बहन की जान चली गई है। लेकिन जब वे मौके पर पहुंचे तो बहन को अस्पताल में देखा, जहां उसके शरीर पर कई चोटों के निशान मौजूद थे। परिजनों ने इसे योजनाबद्ध हत्या बताया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर ससुराल पक्ष का कहना है कि नवविवाहिता ने खुद जीवन लीला समाप्त कर ली है। स्थिति तनावपूर्ण होने के चलते पुलिस ने तुरंत मामले में हस्तक्षेप किया। गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही जान का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की जांच में जुटी हुई है। परिजनों के आरोपों और संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पूरा मामला गंभीर होता जा रहा है और स्थानीय लोग भी उचित जांच की मांग कर रहे हैं।

## एसआईआर पर कांग्रेस की बैठक में वोटर लिस्ट पर चर्चा

बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



**शमशाबाद।** बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत कांग्रेस ने महानीम चौराह पर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित व पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं को नए पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने तथा दोहरे या फर्जी नामों को चिन्हित कर हटवाने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। जिला प्रभारी पूर्वमंत्री प्रभुसिंह ठाकुर ने कहा कि मतदाता सूची का सही व अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर नागरिकों को दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया और अंतिम तिथि के बारे में जागरूक करना होगा।

बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथस्तर की रणनीतियों और मतदाता जागरूकता अभियान को तेज करने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राहुल राज, प्रशिक्षण प्रभारी अजय दांतरे, निरंजन सिंह यादव, कांग्रेस नेता सोनू यादव, नीलू यादव, गोलू धाकड़, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज यादव, कुलदीप रत्नाकर, हेमन्त यादव, गजेन्द्र सिंह राजपूत, गोविंद भार्गव, पप्पू धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैंप में नरवाई प्रबंधन की जानकारी साझा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिलेभर में नरवाई जलाने के दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने के लिए विशेष जन-जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में कृषि विभाग के विशेषज्ञ, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ समझा रहे हैं। बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटती है, उपयोगी जीवाणु नष्ट होते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसके विकल्प के रूप में हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर जैसी तकनीकों से अवशेष प्रबंधन की सलाह दी गई।

### विद्या इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेले का आयोजन

**विदिशा।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्या इंटरनेशनल स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में रंगारंग बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्रों ने खाद्य पदार्थ, फनी गेम्स, लकी ड्रा, आर्ट एंड क्राफ्ट, टैटू आदि के आकर्षक स्टॉल लगाकर करके देखो सिद्धांत के तहत व्यवसाय, ट्रेडिंग व मुद्रा लेनदेन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। फन जोन में झूले, मिकी माउस बाउंसी और ट्रामपॉलिन बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहे। शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ मेले का आनंद लिया और आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने का आग्रह किया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि राजेंद्र श्रीवास्तव ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और रेड रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया।

# सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े के नेतृत्व में खुरई में यूनिटी मार्च निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जो राष्ट्र अपने इतिहास में महापुरुषों के योगदान, त्याग और बलिदान को सम्मान नहीं देता वह राष्ट्र गुलामी की ओर चला जाता है। महापुरुषों के योगदान को हम सभी जन जन तक नहीं पहुंचाएंगे तो अगली पीढ़ी उनके बारे में कैसे जानेगी। यह विचार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वें जन्मजयंती वर्ष पर आयोजित यूनिटी मार्च के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि खुरई के सरदार वल्लभभाई पटेल आडिटोरियम परिसर में 50 लाख की लागत से सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सागर लोकसभा क्षेत्र की सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा की प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े के नेतृत्व में निकाले गये भव्य यूनिटी मार्च में सांसद श्रीमती वानखेड़े ने सभी को आत्मनिर्भर संकल्प और नशा मुक्त भारत संकल्प अभियान की शपथ सभी को दिलाई।



पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को अपने साहस, बुद्धिमत्ता और संगठन क्षमता से अखंड भारत बनाया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल के बनाए भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी महाशक्ति बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत के एकीकरण में सरदार पटेल के योगदान के इतिहास को कांग्रेस की सरकारों ने देश से छिपाए रखने का काम किया लेकिन प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही सरदार पटेल को देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा सरदार वल्लभ भाई पटेल की बनवाई और उनके जन्मदिवस को देश भर में एकता दिवस के रूप में मनाना आरंभ किया। उन्होंने बताया कि हमने खुरई में दस करोड़ की लागत से निर्मित आडिटोरियम का नाम स्वप्रेरणा से सरदार वल्लभ भाई पटेल आडिटोरियम रखा। शीघ्र ही इस आडिटोरियम के प्रांगण में 50 लाख की लागत से निर्मित सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा स्थापना की आधारशिला रखे जाने का कार्यक्रम सांसद श्रीमती लता वानखेड़े व जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी की उपस्थिति में आयोजित होगा।

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज हमारे पास जो स्वतंत्रता है वही जीवन का सबसे बड़ा आधार है। एक भारत श्रेष्ठ भारत सरदार पटेल का संकल्प था। इसको और मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित, आत्मनिर्भर और स्वदेशी भारत का संकल्प लिया है जिसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकता के साथ काम कर रहा है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि तेजी से आर्थिक और सैन्य रूप से सशक्त होते भारत को कमजोर करने के लिए आज कुछ वैश्विक शक्तियां हमारे पड़ोसी देशों को मोहरा बना कर षड्यंत्र कर रही हैं। आतंकवादी हमले, लव जेहाद जैसी घटनाएं इसी का परिणाम हैं। हमारी धर्म, संस्कृति और गौरव शाली इतिहास यदि सुरक्षित नहीं रहेगा तो हमारा जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा। हमें गुरु तेग बहादुर जी,गुरु गोविंद सिंह जी जैसे महापुरुषों का त्याग और बलिदान स्मरण रखना चाहिए। इसकी जानकारी हमारे बच्चों को हो इसीलिए यूनिटी मार्च जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा की महामंत्री लता वानखेड़े ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल भारत की माटी के ऐसे लाल थे जिन्होंने जिन्होंने खंड-खंड भारत को अखंड भारत में बदल दिया। अलग-अलग मत वाली 562 रियासतों को एक करने का काम अपने साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी सांगठनिक क्षमता से उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीर सपूत को कांग्रेसी सरकारों ने भुला दिया था लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें सम्मान दिया। सांसद वानखेड़े ने कहा कि बच्चों को इस कार्यक्रम में इसलिए शामिल किया गया है ताकि उन्हें पता चले कि किन किन महापुरुषों ने देश के निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हमें दिलों, आत्माओं को ऐक करना है और एक सूत्र में बंध कर विभाजनकारी शक्तियों को हराना है।

सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि हम अलग-अलग जाति, धर्म, भिषा, प्रांत के हो सकते हैं पर हमारा राष्ट्र धर्म एक ही है जो कहता है कि तेरा वैभव अमर रहे मां। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा हमें लाखों शहादतों के बाद मिला है। हमें हर परिस्थिति में इसका मान सम्मान रखना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल देश के लौह पुरुष थे जिन्होंने विभिन्न राजाओं, नवाबों, निजामों के शासन में विभाजित 562 रियासतों को एक कर आज के भारत का नक्शा बनाया। उनकी बुद्धि, विवेक और बल से यह संभव हो सका। जम्मू-कश्मीर, जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों को भी उन्होंने भारत में मिलाया जो कठिन कार्य था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित कर उनको सम्मान दिया। सभा के पूर्व खुरई नगर के मुख्य मार्गों से निकाले गये यूनिटी मार्च का अनेक स्थानो पर स्वागत द्वारो व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। यूनिटी मार्च में भारत माता व सरदार बल्लभ भाई पटेल सहित महापुरूषो के जीवंत प्रतिरूप भी वाहन में चल रहे थे।

प्राकृतिक खेती की राह पर बढ़ने को तैयार किसान

# प्राकृतिक खेती पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड के निर्देशानुसार एवं परियोजना संचालक आत्मा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती विषय पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बंडा के ग्राम सेसई साजी मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक निधि पाण्डेय, विभागीय कर्मचारी सहित 140 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत उपरांत शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने शासन और सरकार को प्राकृतिक खेती के लिए बढ़ावा देने के उद्देश्यों की तारीफ करते हुए किसानों से आग्रह किया की कम से कम अपने लिए किसान भाई प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें, साथ में उनके द्वारा पशुपालन विभाग की नई योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया कि 25 गोवंश के लिए सरकार योजना ला रही है जिसमें 10 लाख रुपए तक की छूट के प्रावधान की जानकारी दी।

राहुल साहू ने प्राकृतिक और जैविक खेती को विस्तार से समझाया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियानों के बारे में विस्तार से किसानों से चर्चा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शैलेष पाण्डेय के द्वारा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मिट्टी नमूना लेने के तरीकों को विस्तार से बताया तथा हर खेत का मिट्टी परीक्षण कराने के लिए आग्रह किया। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत किसानों की सक्रिय भागीदारी के लिए अनुरोध कर रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी विस्तार से दी, साथ में किसानों को नरवाई ना जलाने का भी अनुरोध किया।

निधि पाण्डेय ने किसानों को विभागीय जानकारी से अवगत कराया तथा वर्तमान में रबी फसलों के बीज की उपलब्धता की जानकारी किसानों के साथ साझा की।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक मनोज के आवास पर की गई। जिसमें पिछली प्रांत बैठक में जो जिले के महत्वपूर्ण पदों पर घोषणाएं हुई उनमें राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री कीर्तिमान बुंदेला, सौम्या राजा बुंदेला ओजस्विनी जिलाध्यक्ष, दीपेश राय जिला मीडिया प्रभारी, अंकुर रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष, सुबोध जैन जिला व्यापार परिषद जिला अध्यक्ष, मानसिंह चंदेल जिला उपाध्यक्ष की घोषणा मुख्य रूप से हुई। इस दौरान भगवान सिंह बुंदेला प्रांत कार्य अध्यक्ष, अभिषेक पांडेय प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, मनोज कामरेड हिंदू हेल्पलाइन प्रांत महामंत्री, जिलाध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री शंकर चंदेल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा मौजूद रहे।

### रोहित राठौर प्रदेश सचिव नियुक्त

**ललितपुर।** समाजवादी राठौर साहू महासभा संगठन ने सामाजिक सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश महासचिव मोहर सिंह राठौर द्वारा पूर्व पार्षद रोहित राठौर को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान एवं संगठनात्मक क्षमताओं को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। समाज के लोगों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से जागरूक करने में योगदान देंगे।

### एबुंलेंस ईएमटी व पायलट ने बचाई युवक की जान

**ललितपुर।** शाम की शाम करीब शाम 6 बजे थाना ललितपुर क्षेत्र अंतर्गत मैलवाराखुर्द निवासी 40 वर्षीय जगदीश राय पुत्र कनाई ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जगदीश की हालत बिगडने पर परिजनों ने तत्काल 108 एबुंलेंस के लिए फोन किया। मौके पर पहुंची एबुंलेंस ने प्राथमिक उपचार दिया। ईएमटी हरिशंकर व पायलट अखिलेश ने मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुये सावधानीपूर्वक जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रास्ते में ईएमटी जगदीश की स्थिति पर निगरानी रखे रहे और आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की। एंबुलेंस टीम की तत्परता और तेज़ी के चलते मरीज को जिला अस्पताल में सुरक्षित भर्ती करा दिया गया।

### ससुरालियों से प्रताड़ित महिला ने दर्ज कराई एफ़आईआर

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम समोगर निवासी मानसी बिल्थरे ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 15 जुलाई 2024 को शिवम देवलिया पुत्र अशोक देवलिया के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में उसके पिता ने अपने सामथ्र्य के अनुसार दान दहेज देकर शादी की थी, उसी समय से उसके ससुरालीजन में पति शिवम, सास उमा वैद्य, जेठ अम्बेश देवलिया आये दिन प्रताड़ित करते हुये उसे शादी में पिता द्वारा दिये गये 51 हजार रुपये का उलाहना देने लगे। आरोप है कि उसे समोगर में मारपीट कर पैरों में झाडू मारी, मुंह में मिटटी भरी और महरौनी में भी कमरे में बंद कर मारपीट की गयी। तब उसने अपने पिता को बुलवाया मैं अपने पापा के साथ शाहगढ़ अपने मायके गयी थी। उसके बाद उसके माता-पिता ने मुझे उसकी ससुरालवालों के कहने पर उसकी बुआ के घर ग्राम पठा विजैपुरा भेज दिया, तब से लेकर आज तक उक्त ससुराली उसे धमका रहे हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर युवक को धमकाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बिजरौठा अंतर्गत मजरा नोर निवासी राजू कुशवाहा पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को आम रास्ता की नाले की पुलिया पर बैठा हुआ था, तभी गांव के राजकुमार उर्फ भोला पुत्र रतनलाल कुशवाहा, महिरवान पुत्र बाबूलाल कुशवाहा ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

---

कोर कमेटी की बैठक में स्मार्ट मीटरों के बिल न आने पर भी जताई चिंता

# व्यापारियों का उत्पीड़न किसी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा: व्यापार मंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उप्र उद्योग व्यापार मंडल की मासिक कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में जगदीश मार्केट व्यापार मंडल कार्यालय पर संपन्न की गई, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके किए जा रहे हैं उत्पीडऩ एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा शीघ्र ही एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय किया गया। कोर कमेटी की बैठक में महरौनी के बानपुर चौराहे पर किराना व्यापारी आसाराम एवं मथुरा प्रसाद प्रजापति के साथ समान उधार न देने पर दुकान से बाहर घसीट कर अराजक तत्वों द्वारा मारपीट की गई तथा पुलिस को रिपोर्ट करने पर पुनः बर्बरता पूर्ण तरीके से मारपीट कर मरणासन्न किया गया जिसकी पुनः महरौनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई, रिपोर्ट दर्ज होने के पश्चात भी अराजक तत्व खुलेआम पीड़ित व्यापारी को धमका रहे हैं और व्यापारी इतना दहशत में है। अपना प्रतिष्ठान भी नहीं खोल पा रहा है। घटना की कटु शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और व्यापारी को सुरक्षा प्रदान कराए जाने की मांग की गई।

### सैकड़ों उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाने को विवश हैं

कोर कमेटी की बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए प्रीपेड मीटर में मैसेज न पाने के कारण उपभोक्ता अपने बिलों को जमा नहीं कर पा रहा है और उनका कनेक्शन सिस्टम से स्वत कट जा रहा है, जिससे सैकड़ों उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाने को विवश हैं और घर एवं दुकानों पर अंधेरा होने के कारण विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है जो कभी भी जन आंदोलन का रूप ले सकता है। संगठन ने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिनके प्रीपेड मीटर है और उनकी अचानक बिल भरने के अभाव में लाइट कट जाती है तो मीटर में एक सामने की ओर बटन लगा हुआ है जिसे 30 सेकंड तक दबाने पर 24 घंटे के लिए लाइट आ जाएगी और इसी बीच में आप अपनी समस्या का समाधान विभाग से कर लें। कोर कमेटी की बैठक में सभी जिले, नगर ,युवा के पदाधिकारी से अपील की कि वह अपने दायित्व को समझें और अपने दायित्व के अनुसार संगठन को मजबूत करें और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू, प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश सतभैया, अभय जैन एड., प्रीतम सराफ, मनोज जैन, रामप्रकाश साहू, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, नगर युवा महामंत्री राहुल मोदी, जयनारायण शर्मा, वीरेंद्र जैन कल्लू, उदयभान सिंह यादव, संतोष साहू खजुरिया, पार्षद आलोक जैन मयूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

---

महा सफाई अभियान जारी

# वार्ड को स्वच्छ बनाने में सब करें सहयोग: अरविंद राजा

### गांधीनगर द्वितीय में प्लांट क्षेत्र किया स्वच्छ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था द्वारा चलाए जा रहे सफाई महा अभियान के तहत आज गांधीनगर वार्ड नंबर 4 में जैन मंदिर के पीछे स्थित प्लांट परिसर की व्यापक सफाई की गई। संस्था सदस्यों ने मिलकर पूरे क्षेत्र से कचरा हटाया और स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजा ने स्थानीय लोगों से अपील की कि साफ किए गए क्षेत्र में पुनः कचरा न डालें और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान देवेंद्र यादव, अनिल पंथ, सोनू शुक्ला, राज जोशी, बृजेश पाल, हरिदास कुशवाहा, नितिन कटारे, जितेंद्र जोशी, भोगीराम साहू, रवि पंथ, विजेंद्र सिंह बुंदेला सहित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान देकर सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था का कहना है कि आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान जारी रहेगा।

---

फल वितरण किया

# सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा का जन्मदिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

झांसी ललितपुर के भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी लोकसभा सांसद पं अनुराग विश्वनाथ शर्मा का जन्मदिवस नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह सुबह जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात भोजनालय में जरुरतमंदों को मुफ्त भोजन कराया गया एवं केक काटा गया।इस अवसर पर तुवन मंदिर प्रांगण में और कुछ अन्य जगहों पर मिष्ठान वितरण किया गया तथा ग्राम बम्होरी में सहरिया वस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली विवेक जैन ने बताया कि हमारे आदरणीय सांसद अनुराग विश्वनाथ शर्मा नगर और जिले की प्रगति एवं विकास कार्यों हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अजय पटैरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश कुमार खटीक,बरिष्ठ नेता मुन्नालाल जैन सैदपुर, पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, अनिल पटैरिया नील,अजय जैन साईकिल,विवेक जैन जिमि,महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला,सुरेश प्रकाश कोंते,ऋतिक कटारे,पार्षद अशोक कुमार पंथ,श्यामविहारी कौशिक, शोभित समैया,पंकज ताम्रकार, नवीन जैन, आलोक चतुर्वेदी, राजदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

---

यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

# कार के शीशे से काली फिल्म उतरवाई, समझाइश भी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशानुक्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 113 वाहनों का चालान किया गया, जिसमें ब्लैक फिल्म लगे 16 वाहनों के चालान किये गये। साथ ही जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

---

प्रोजेक्ट नई किरण ने कराया पुनर्मिलन

# परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया। एक परिवार खुशी-खुशी साथ- साथ रहने को तैयार हो गये, वहीं 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव शर्मा, एड. अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी आराधना आदि का विशेष सहयोग रहा।

---

शहजाद नदी पुल का निर्माण अतिशीघ्र हो

# प्रस्तावित पुल की ऊंचाई मानक अनुरूप रखें: बुवि सेना

**ललितपुर ।** स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना की आवश्यक बैठक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर शहर के बीचों बीच स्थित शहजाद नदी के प्रस्तावित पुल निर्माण में हो रही देरी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि शहजाद नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण शीघ्र अतिशीघ्र शुरू किया जाना चाहिए क्योंकि अभी समय अनुकूल है बाद में गर्मी और फिर बरसात के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हर साल बरसात के मौसम में शहजाद नदी में बाढ़ के कारण लोगों को भारी



परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे स्थित नर्सिंग होम, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा धार्मिक स्थलों को ध्यान में रखकर पुल निर्माण किया जाए कि गोविन्द सागर बांध के पूरे गेट साइफन खुलने के जिस सर्वाधिक ऊंचाई तक बाढ़ का पानी आता हो पुल की ऊंचाई उसी के अनुरूप रखी जाना न्यायोचित होगा। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि इसके अलावा शहजाद नदी में आने वाली सड़ांध और बदबू से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। खुले में शौच और जलकुम्भी के अलावा नदी में खुलने वाली नालियों से आने वाले गन्दे पानी के कारण मच्छर और तमाम संक्रामक बीमारियों के कीटाणु पनप रहे है नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नदी की सफाई नियमित सुनिश्चित की जाये। अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। बैठक में बु.वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक, राजकुमार कुशवाहा , मुन्ना त्यागी , प्रदीप साहू , गफूर खां , सुजीत धानुक आदि मौजूद रहे।

---

प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी

# कच्चे रास्ते में फंसी ट्रैक्टर-ट्रॉली में दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड मड़ावरा क्षेत्र में एक महिला ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्ची को जन्म दिया है। यह घटना ग्राम गोठरा के समीप तब हुई जब महिला प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जा रही थी। खराब रास्ते के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई, जिसके चलते मजबूरन वहीं प्रसव कराना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है।

जानकारी के अनुसार, आकांक्षात्मक ब्लॉक मड़ावरा की ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा गोठरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली से मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर बदहाल कच्चे रास्ते में ट्रॉली फंस गई।

ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी दौरान लक्ष्मी दर्द से कराहती रही। मजबूरी में लक्ष्मी की सास ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही प्रसव कराया, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। गोठरा गांव घने जंगल के बीच स्थित है। गोठरा से ग्राम ठनगना के बीच लगभग 7 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है, जिस पर पक्की सड़क का अभाव है। इस कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीणों को अस्पताल जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। जंगल में खूंखार जानवरों की मौजूदगी भी ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बनी रहती है।

यह उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा हीरापुर, पापड़ा, गोठरा और बारई आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों में बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हालांकि, बिजली की समस्या से निपटने के लिए कुछ समय पहले शासन-प्रशासन ने सोलर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था की थी।

---

बाइक की टक्कर से घायल हुआ था

# ग्वालियर के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत पोस्ट घिसौली के ग्राम बधौरा में रहने वाली सुनीता ने रिपोर्टिंग चौकी राजघाट पुलिस को तहरीर दी है। तेईस अक्टूबर को दोज का टीका करने के लिए अपने मायके ग्राम थनवारा गयी हुयी थी। रात करीब 10.30 बजे पति मनीराम पुत्र रामलाल अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.एस. 9350 से ढावा पर से खाना खाकर वापस आ रहा था। राजघाट नहर के पास तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की ओर आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.डी. 8226 के चालक ने पीछे से ओवर टेक करते वक्त साइड से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। थनवारा निवासी विनोद पुत्र पूरन व मिर्चवारा निवासी देवेन्द्र पुत्र गंगाराम ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उनके पति को चिकित्सकों ने मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया, जहां हालत में सुधार न होते देख झांसी से उन्हें ट्रामा सेंटर ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में उपचार के दौरान 29 अक्टूबर को रात 8 बजे उसके पति की मौत हो गयी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर भाजपा ने किया कार्यक्रम

# एक भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत यूनिटी मार्च निकाला

**ललितपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर चल रहे एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत यूनिटी मार्च पद यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन तुवन मंदिर से लेकर स्वामी ब्रह्मानंद संस्थान महेशपुरा तक यूनिटी मार्च के रूप में हुआ। मार्च में पदयात्री हाथों में आत्मनिर्भर सम्बन्धित वैनर, पोस्टर,दफ्ती लिए हुए नारेबाजी करते हुए चल रहे थे । पद यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू थे जो भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के साथ इस यात्रा का नेतृत्व भी कर रहे थे ।यह पद यात्रा तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बर्णी चोराहा,स्टेशन, नेहरू नगर,जुगपुरा,होते महेश पुरा होते स्वामी



ब्रह्मानंद संस्थान में पहुंची जहां पद यात्रा के उपरांत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे ने की। जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने यात्रा समापन के बाद हुई बैठक में कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने पांच सौ पैंसठ रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक राष्ट्र श्रेष्ठ भारत का सपना साकार किया था। सरदार वल्लभ भाई पटेल के लिए तात्कालिक कांग्रेस सरकार ने उनके कद के अनुरूप सम्मान नहीं दिया था। यहां तक कि नेहरू परिवार ने खुद भारत रत्न ले लिया लेकिन सरदार बल्लभ भाई पटेल को नहीं दिया जिन्हें भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकाल में उनकी मृत्यु के चवालीस वर्ष बाद प्रदान किया था।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह यात्रा भाजपा की न होकर अपितु सारे भारतवासियों की है जो चाहते हैं भारत आत्मनिर्भर वने । मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा भारत के जिस महापुरुष के ऊपर विश्व के कई देशों के विश्वविद्यालयों में शोध कार्य किया गया । उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में यूनिटी मार्च यानि एकता यात्रा निकली है उस में जिस तरह से बच्चों, बच्चियों, किशोरों,एन सी सी के केडरों ने आठ किलोमीटर की लम्बी यात्रा में सहभागिता की जो अद्वितीय है और भावी एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने साकार होने का द्योतक है।

## समाचार संक्षेप

### आरोन में राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट में चमके सोशल मीडिया स्टार, कपिल और धर्मेंद्र रघुवंशी



**आरोन।** पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में युवा आदर्श एकता मंच समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समाजसेवी स्व. चौधरी गणेशराम रघुवंशी की स्मृति को समर्पित इस भव्य आयोजन में शनिवार को सोशल मीडिया के लोकप्रिय चेहरे कपिल रघुवंशी और धर्मेंद्र रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे।दोनों सोशल मीडिया सितारों ने स्व. गणेशराम रघुवंशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। धर्मेंद्र रघुवंशी का संबोधनधर्मेंद्र रघुवंशी ने युवा आदर्श एकता मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा "आज सोशल मीडिया ने हम जैसे अनेक युवाओं को पहचान दिलाई है। प्रदेश हो या देश, हर जगह हमें आप सबका प्यार और सम्मान मिला है। इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।" कपिल रघुवंशी का उद्बोधनकपिल रघुवंशी ने मंच से अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा— "गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, सागर, आरोन, राधौगढ़—हर जिले से मुझे सोशल मीडिया पर अपार प्यार मिला है। आप सब मेरा परिवार हैं। इस मंच ने हमें बुलाया, इसके लिए पूरे दिल से धन्यवाद।"कार्यक्रम में सोशल मीडिया जगत के गौरव रघुवंशी गौरा, अमित चंदेल, अमन तिवारी, दिग्विजय रघुवंशी, विनोद वारमहू सहित कई यूट्यूबरों की उपस्थिति ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। युवा आदर्श एकता मंच का उद्देश्यसमिति अध्यक्ष शिवा यादव ने कहा—"आप सब प्रदेश के उभरते सितारे हैं। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र और प्रदेश के युवाओं को ऐसा मंच मिलता रहे जिससे वे प्रगति की नई राहें तय करें। आप सबकी उपस्थिति से हमारा आयोजन और ऊर्जावान बन गया है।" टूर्नामेंट के अपडेटअब तक 16 टीमें मैदान में उतर चुकी हैं, जिनमें से सेमीफाइनल तक पहुँचने वाली टीमें हैं—आरिफ ट्रेडर्स, आरोनएकलव्य एकेडमी, ब्यावरा माधौगढ़ क्लब, अशोकनगरसिहोरा क्लब आयोजन में सक्रिय सदस्यसमिति के सदस्य कमल ग्वाल, सचिन जैन, सोनू सिलावट, दिशांत यादव, श्रीराम माली, मिथुन धाकड़, मनोज गोस्वामी, रवि चौरसिया, हरिओम नामदेव, हैदर खान, अरवाज खान सहित अनेक कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



### विप्र उत्थान समिति ने व्यक्त की शोक संवेदना

**गुना।** विप्र उत्थान समिति गुना द्वारा नजूल कालोनी स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित कर श्री किशन चंद भार्गव बागेरी वाले जो गिरराज भार्गव के पिताजी एवं श्रीमती कलावती शर्मा जो रामजीलाल, देवेन्द्र, यदुनंदन शर्मा की माताजी थी का विगत दिनों आकस्मिक स्वर्ग वास होने से शोकसभा आयोजित कर मृतात्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करने तथा परिजनों को इस संकट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।सभा में वीरेंद्र भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा, पंडित मनोज शर्मा, उमाशंकर भार्गव , प्रभाकर भार्गव, रामजीवन भार्गव, अमित शर्मा, इन्द्र कुमार भार्गव, मनोज तिवारी, दुर्गेश भार्गव आदि उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा जयंती पर काव्य गोष्ठी संपन्न

# बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गए दुश्मन के लिए नुकीले तीर व कमान हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती पर सदर बाजार स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता संतोष ब्रह्मभट्ट के मुख्य आतिथ्य तथा संजय खरे और शायर सलाउद्दीन शिकवा के विशिष्ट आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया।

सरस्वती वंदना का गायन संतोष ब्रह्मभट्ट ने किया। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा बनवासी धर्म संस्कृति की पूरी पहचान हो गये, दुश्मन के लिए नुकीले तीर और कमान हो गए। कुछ ऐसे काम किये देश के हित में,कि जन जन के दिलों में बसे भगवान हो गए। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने दोस्ती के संबंध में अपने विचार यूं रखे इतनेबुरे तो दुनिया में दुश्मन नहीं होते,कुछ दोस्त, दुश्मनों से भी आगे निकल गए।उमाशंकर भार्गव ने कहा कि आदिवासी बिरसा मुंडा को मानते थे भगवान, क्योंकि उन्होंने कभी नहीं माना अंग्रेजों का फरमान।शायर संजय खरे ने कहा नही सोचा था ऐसा हो रहा है, दीवार में अब रास्ता हो रहा है।बढ़ गई है कीमतें ईमान की, आदमी अब सस्ता हो रहा हैश्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने कहा एकलव्य के मन वशी मूर्ति द्रोणाचार्य के नाम की। शबरी जैसी क्या होगी भक्त भला कोई राम की।रवि शर्मा बंजारा ने कहा फासला इतना भी न बढ़ाया जाये कि वक्त पड़े तो पास न आया जाये। जहां पहुंच कर गुरुर हो बुलंदी का,अपना कद इतना भी न उठाया जायेसूबेदार धर्मवीर सिंह ने रिश्तों के संबंध में अपने विचार यूं व्यक्त किए फूलों की सुंदरता देखी,महका महका प्यार कहां है।टूट रहें हैं रिश्ते नाते, घर अब परिवार कहां है। रामवीर शर्मा ने कहा कि बहुत चुग लिया दाना पानी चलने की तैयारी कर, मैनेजर का नोटिस निकला रैन बसेरा खाली कर । साक्षी ओझा ने कहा सरस्वती बन ज्ञान दिया मां तुमने ही जीवन संवारा है।शायर सलाउद्दीन शिकवा ने तूफान के संबंध में बताया कि आकर तूफान तो एक पल में गुजर जाता है इतने अर्से में मगर काम वो कर जाता है।

माया ओझा ने कहा कि जब घर में ही एकता नही तो देश में एकता कैसे होगी। अभिनंदन मडवरिया, रमेश मंगल ने भी अपने अपने भाव व्यक्त किए। कवि गोष्ठी में निरंजन भाया कसेरा, पंडित देवेन्द्र उपाध्याय,आशी मंगल, भक्ति ओझा,रिया रावत, उमेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आजाद कुमार जैन, जगदीश श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, रामकुमार शर्मा, नारायण लाल मैयर, गजेन्द्र सिंह चंदेल, दीपक शर्मा राजेंद्र ओझा आदि ने कवि गोष्ठी का लुत्फ उठाया आभार उमाशंकर भार्गव ने व्यक्त किया।

## बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर मनाया गया बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

माध्यमिक विद्यालय बड़ी मांगरोन में बाल दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ अतिथि बी एम ओ डॉ राजेश पुष्पक ने मां सरस्वती का पूजन कर किया गया इसके उपरांत अतिथि देवो की परंपरा का अनुसरण करते हुए विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती शोभना शाक्यवार और माध्यमिक शिक्षक भैरो सिंह शाक्यवार के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया स्वागत के क्रम में विद्यालय की छात्र अध्यापिका कु प्रियंका गुर्जर एवं विद्यालय की बाल कैबिनेट के द्वारा समस्त अतिथियों एवं गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तदोपरांत डॉ अमित जायसवाल ,डॉ ज्योति मीना के दल द्वारा सभी को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उपस्थित 60 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। नेत्र सहायक डी के बास्त्री ने बच्चों की नेत्रों की जांच कर नेत्र स्वस्थ रखने के उपाय बताएं । बच्चों को संबोधित करते हुए एमटीएस प्रदीप सेन ने अपनी कविता पाठ में कहा कि₹ बचपन की मीठी यादों में खो जाऊं सोचता हूं फिर से एक बार बच्चा हो जाऊं₹ बीपीएम जितेंद्र सेन ने बच्चों को पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित किया ।बही बी सी एम हेमंत गौड़ ने विद्यालय परिवार और सभी छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की ओर बच्चों को अग्रिम पंक्ति में बैठने के लिए प्रेरित किया।फार्मा शिष्ट रिंकू निगवाल, लैब टेक्नीशियन प्रशांत निगवाल द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। जन शिक्षक निरंजन सिंह मीणा द्वारा बच्चों को बाल दिवस पर अनुशासन का पाठ पढ़ाया,साथ ही चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष में सभी बच्चों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया ( इस अवसर पर कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश साहू एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुर्जर, उपाध्यक्ष श्री राम नारायण गुर्जर प्राथमिक विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक राज किशोर खरे, शुभम पारीक, उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुश्री सविता जैन ने किया एवं आभार व्यक्त किया।

# अक्षत स्कूल पेंची में मनाया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

अक्षत पब्लिक स्कूल पेंची में बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेंची रही। मुख्य अतिथि के आगमन पर सभी विद्यालय परिवार और छात्र छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । तत्पश्चात अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।सभी मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया।स्वागत उपरांत अतिथियों ने नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल और विज्ञान प्रदर्शनी को देखा और उनके बारे में जानकारी ली, साथ ही संस्था के छात्रों द्वारा लगाई गई दुकानों को भी देखा और उनसे समान खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया।मुख्य अतिथि प्रियंका पेंची ने संबोधित करते हुए बच्चों से पढ़ाई करने और प्रैक्टिकल करने पर ध्यान देने हेतु कहा साथ पढ़ाई के महत्व को समंझाया ओर आयोजन के लिए विधालय परिवार को बधाई दी।इसके पश्चात विधालय परिवार ने मुख्य अतिथि को स्म्रति चिन्ह भेंट किया।



# जैन साधिका मां स्वर्ण श्री का हुआ सल्लेखना पूर्वक समाधि मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



नगर के आचार्य श्री विद्यासागर साधिका आश्रम में विगत तीन वर्ष से साधनारत 10 प्रतिमाधारी श्रेष्ठ साधिका मां स्वर्णश्री (गृहस्थ जीवन का नाम सोना देवी जैन) जिन्होंने आरोन में चातुर्मास कर रहे जैन मुनि बीजाक्षर प्रणेता श्री दुर्लभसागर जी महाराज से सल्लेखना व्रत धारण किया था। एवं मुनि श्री दुर्लभ सागर जी व छुल्लक श्री निर्धूमसागर जी महाराज के सानिध्य में विगत समय से सल्लेखना साधना कर रही थीं। शनिवार रात्रि में उन्होंने देव शास्त्र गुरु का स्मरण एवं उत्कृष्ट भावों के साथ में समाधि मरण को प्राप्त किया।चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनांदगांव छत्तीसगढ़ निवासी घमसैया परिवार की सोना देवी जैन धर्म पत्नि एडवोकेट स्व.श्री निर्मलचंद जैन जोकि पूर्व में आर्यिका श्री आदर्शमति माताजी के संघ में रहकर साधनारत थी एवं बाद में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा आरोन में साधिका आश्रम प्रारंभ कराने के बाद वह आरोन आ गई थीं एवं विगत तीन वर्ष से आरोन के साधिका आश्रम में अन्य साधिकाओं के साथ साधना कर रही थीं। रविवार को सुबह श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की धर्मशाला साधिका आश्रम से उनकी अंतिम डोला यात्रा निकाली गई। यह अंतिम डोला यात्रा सदर बाजार, गुलाब गंज चौराहा, गुलाब गंज मैंन मार्केट सिरोंज रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंचीं। इस डोला यात्रा में आरोन जैन समाज के सभी महिला पुरुष, ट्रस्ट कमेटी,चातुर्मास कमेटी,गौ शाला समिति,जैन मिलन, युवा जैन मिलन,पाठशाला परिवार,सभी मंडल, साधिका मां के गृहस्थ जीवन के परिवार जन शामिल हुए और सभी ने साधिका मां स्वर्ण श्री के उत्कृष्ट समाधि मरण सल्लेखना की मंगल अनुमोदना की।डोला यात्रा के आगे आगे साधर्मी जन समाधिस्थ जैन मुनि श्री क्षमा सागर जी महाराज द्वारा रचित भजन ₹सिद्ध नाम सत्य है अरिहंत नाम सत्य है₹ को गाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के सभी सदस्यों के द्वारा दोपहर तक अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं दुकानें भी बंद रखीं गईं।

# सांसद प्रतिनिधि ने सड़क दुर्घटना में घायल पिता-पुत्र को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया

**राजपुर।** स्थानीय सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल ने एक मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हें जब जानकारी मिली कि बाईक सवार पिता पुत्र दुर्घटना में घायल हो गए हैं तो वह अपने दो पहिया वाहन में दोनो घायलों को जिला अस्पताल लेकर आए।

राजपुर भाजपा पार्टी की मीटिंग थी तभी किसी ने वताया कि पचुकया पर दो पहिया मोटरसाइकिल सवार निवासी वयानी वालों का एक्सीडेंट हो गया है तों तुरन्त बैठक कों छोड़ कर सभी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल मौके पर पहुंच कर देखा तो दोनों घायल अवस्था में सड़क मार्ग पर पड़े थें उन्होंने वहा से उठा कर राजपुर सरकारी चिकित्सालय लेकर पहुंचे लेकर लेकिन राजपुर में सरकारी चिकित्सालय में कोई डाक्टर नही मिला कमरों पर ताले लटके मिलें। एक नर्स भागते हुए आई और उन्होंने दो इंजेक्शन दिए। जिसके बाद सांसद प्रतिनिधि के दो पहिया वाहन में लेटा कर घायलों को अशोकनगर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे वह पर उपचार चल रहा था। घायल के नाम रामकृष्ण शर्मा वयानी पुत्र राहुल शर्मा व एक अन्य व्यक्ति शामिल है। सीधी और अच्छी सड़क पर हर कोई तेज चलना चाहता है और हादसे का शिकार हो रहा है। प्रशासन द्वारा वहां पर रोड सुरक्षा और कलारी से संबंधित उचित कार्य करना आवश्यक है। एक सप्ताह पूरा हो नहीं पाता और घटना हो जाती है। प्रशासन द्वारा आज तक कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए है।



# रघुवंशी ट्रस्ट की बैठक अशोकनगर मुख्यालय पर आयोजित की गई



**अशोकनगर।** रघुवंशी ट्रस्ट गुना अशोकनगर की बैठक स्थानीय धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीपी रघुवंशी ने की। बैठक का एजेन्डा सचिव माधौसिंह ने पढ़कर सुनाया। जिसमें अयोध्या धर्मशाला नवनिर्माण के लिए सदस्यता राशि सरंक्षण ट्रस्टी 5 लाख, ट्रस्टी 2 लाख और आजीवन सदस्य 1 लाख रूपए रखी गई। इसी प्रकार यज्ञ की बची हुई राशि गुना और अशोकनगर जिले की धर्मशाला अयोध्या में बनाने का निर्णय हुआ। कोषाध्यक्ष हरवीर सिंह रघुवंशी ने आय व्यय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 का प्रस्तुत किया। धर्मशाला का निर्माण पूर्ण होने पर गरीब असहाय एवं दिव्यागों को निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। बैठक में जयप्रकाश सिंह, उत्तमसिंह, लखनसिंह, धर्मवीर सिंह, डॉ. हरवीर सिंह, रामबली सिंह, सुखवीर सिंह, सतीश सिंह, सुनील कुमार, घनश्याम, सुरेन्द्र मलावनी, दिलीप, महेन्द्रसिंह, अमरसिंह आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा धान की पराली प्रबंधन के संबंध में रविवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्षा में बैठक कर समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पराली जलाने के नुकसानों के बारे में कृषकों को जागरूक किया जाए।



पराली जलाने की घटनायें तहसील बहादुरपुर, मुंगावली, पिपरई, अशोकनगर, ईसागढ़ में अधिक हो रही हैं इनको रोकने के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार के लिए संगोष्ठि/चैपाल आयोजित किये जायें। कृषकों को पराली के प्रबंधन हेतु जे.फार्म एप पर कृषकों के पंजीयन कराये जायें जिससे कृषकों को यंत्रों की उपलब्धता की जानकारी मिल सके एवं कृषि यंत्र हैप्पीसीडर, सुपर सीडर, बेलर, रोटावेटर आदि किराये पर लेकर धान की पराली का प्रबंधन किया जा सके। कस्टम हायरिंग सेंटर को जे.फार्म एप पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी आदि की जानकारी कृषकों को दी जाये। फसल अवशेष प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा स्टबल बर्निंग फ्री विलेज घोषित होने वाले ग्रामों को गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह में विशेष सम्मान एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।


# गायत्री परिवार द्वारा बाल्मिकी मंदिर पर कराया एक दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ



**अशोकनगर।** रविवार को बाल्मिकी मंदिर पर एक दिवसीय गायत्री परिवार द्वारा पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया बाल्मिकी मोहल्ला स्थित बाल्मिकी मंदिर प्रांगण में सुबह 11 बजे पहुंचकर यज्ञ का प्रारंभ किया। गायत्री ट्रस्ट द्वारा पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ में बाल्मिकी समाज के लोगो का ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया पांच हवन कुंडी पर 21 अपने जोड़ों के साथ हवन कि आहूतियां दी। श्री गायत्री ट्रस्ट अशोकनगर द्वारा यह कार्यक्रम रखा। इस मौके पर गायत्री ट्रस्ट परिवार से डां आंनद मोहन दुबे, रमेशचन्द्र शर्मा ,गया प्रसाद नामदेव, द्वारा मंत्र उपचारों के साथ हवन कराया गया। भव्य आरती के प्रसाद वितरण कार्यक्रम का समापन किया इस अवसर पर बाल्मिकी समाज के लोगो अधिक संख्या में एकत्र हुए। इस आयोजन में विवेक भार्गव सरपंच प्रतिनिधि रामेंद्र रघुवंशी का सहयोग रहा इस मौके पर प्रेमनारायण शिवहरे लखन शिवहरे, संजू रघुवंशी राजेश बाल्मिकी, एवं ग्रामीण नागरिक भी उपस्थित रहे।

# कार्यकारी अध्यक्ष बने जितेन्द्र शर्मा

**अशोकनगर।** पटवारी संघ जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें कार्यवाहक जिला अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवशी को बनाया गया है। इसके अलावा कईं पदाधिकारी भी ब नाए गए हैं। जिसमें संरक्षक बलवीर सिंह यादव, बृजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, राकेश शुक्ला,अरविंद योगी,अनिल शर्मा ,हरीश कलावत शामिल हैं। पदाधिकारियों में सचिव मनीष सेन, सह सचिव सुदीप सोनी और संध्या लोधी, कोषाध्यक्ष राजेश नामदेव,संयोजक कृष्णभान यादव (हेदर) सह संयोजक राकेश भार्गव संगठन मंत्री,अनेक सिंह लोधी,शैलेंद्र सिंह पायक,कार्यालय मंत्री पूनम गुप्ता, प्रवक्ता महेंद्र सोनी,सरस्वती तिवारी,गौरी रघुवंशी मीडिया प्रभारी धुरव कुमार सेन ,रूपेरेंद्र यादव ,यशपाल सिंह नरवरिया,प्रचार मंत्री देवेन्द्र सिंह यादव,पुष्पेद्र सिंह अहिरवार , होशियार सिंह आदि बनाए गए।



# प्रशासन के अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए कर रहे हैं जागरुक



**अशोकनगर।** जिले में प्रशासन के अधिकारी किसानों को पराली न जलाने के लिए कर रहे है जागरूक लेकिन किसान मानने तैयार नहीं है अब तक कईं किसानों पर इस तरह के प्रकरण दर्ज भी हो चुके हैं और जुर्माना भी किया गया है। इसके बाबजूद भी पराली जलाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिसे लेकर जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन द्वारा किसानों को जागरूक भी किया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर फसल अवशेषों को जलाने के प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन में जुर्माना और सजा संबंधी सूचना के प्रचार प्रसार द्वारा किसानों को अवगत कराने और रोकथाम हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों के संयुक्त निगरानी दल के सामूहिक प्रयास से कृषक गोष्ठी,चैपाल पर चर्चा के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में सभी ग्राम पंचायत स्तरीय दल ने क्षेत्र में हो रहीं आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए भ्रमण कर रोकथाम हेतु कार्यवाही की शुरुआत की। सीईओ जिला पंचायत स्वयं खेतों में पहुंचे और किसानों को समझाइश दी और किसानों ने जल रही पराली को बुझाया,वहीं संयुक्त दल ने भी ग्राम पंचायतों में पराली जला रहे किसानों के खेतों में जाकर किसानों को पराली जलाने से रोका। समझाइश के बाद हैप्पीसीडर, सुपरसीडर,फसल अवशिष्ट को गोबर, मिट्टी, बायो डीकंपोजर के माध्यम से जैविक खाद बनाकर रासायनिक खाद की निर्भरता को कम कर मृदा के स्वास्थ्य को बनाए रखा जाए। इस दौरान गूगल मीट से भी प्रशिक्षण दिया गया।

# वृद्ध महिला को उपचार के लिए नहीं मिला 108 वाहन

### ट्रैक्टर-ट्राली से ग्रामीण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम कुकरेठा में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला दोजा बाई अहिरवार का अचनाक स्वास्थ्य खराब होने पर जब गांव के लोगों ने 108 वाहन को फोन लगाया किन्तु संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद परिवार जन उक्त बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए ट्रेक्टर ट्राली में खाट पर बांध कर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला को दोनो नाति लेकर आए थे जहां बड़े नाती ने बताया कि कुछ दिन पहले ही जिला अस्पताल में हमने उपचार कराया था उसके बाद वापिस घर ले गए थे। किन्तु फिर से अचानक उल्टी दस्त की शिकायत होने पर दवा देने के बाद भी जब आराम नहीं लगा तो परिवार जन उक्त महिला को ट्रेक्टर ट्राली में खटिया कों बांधकर दादी को उसपर लिटाकर जिला अस्पताल आ गए। उन्होंने कहा कि रास्ता ठीक है परन्तु मरीज को तकलीफ न हो इस लिए मरीज को खाट पर लिटाकर लाए है। गांव में नेटवर्क कभी मिलते हैं तो कभी नहीं मिलते है।

# जन नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया

**अशोकनगर।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला अशोकनगर मध्य प्रदेश के तत्वावधान में चंद्रोदय बुद्ध विहार बायपास रोड चंदेरी में जन नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का कार्यक्रम बड़े धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध प्रदेश सचिव रहें। विशिष्ट अतिथि रामदयाल बौद्ध जिला उपाध्यक्ष रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन लाल बौद्ध जिला अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का संचालन संग्राम सिंह बौद्ध तहसील कोषाध्यक्ष ने किया।

मुख्य अतिथि प्रकाश चंद्र बौद्ध ने कहा कि जन नायक भगवान बिरसा मुंडा जी ने अपना देश अपना राज का नारा दिया। उन्होंने अपने और समाज के अधिकरों जल, जंगल जमीन की रक्षा करने के लिए उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया और उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लगाए गए भूमि कर, शोषण और सामाजिक सांस्कृतिक ताने बाने पर आक्रमण के खिलाफ आवाज उठाई। सभी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। शिक्षा से मानव का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि रामदयाल बौद्ध ने बिरसा मुंडा जी का जीवन परिचय बताया। कमला बौद्ध, सिन्नाम सिंह बौद्ध, राज कुमार बौद्ध, सुनील बौद्ध ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगनल बौद्ध ने कहा कि महापुरुषों के विचार अपने जीवन में उतारना चाहिए। जिससे मानव जाति का विकास होगा। कार्यक्रम का आभार संग्राम सिंह बौद्ध ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में परमाल सिंह, पृथ्वीराज, बलवीर आदि उपासक उपासिकाएं उपस्थित हुई।



